सार-समाचार

कांग्रेस ने सिटी एसपी को ज्ञापन सौंपा

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा द्वारा जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने हाल ही के दिनों में चाकूबाजी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर सिटी एसपी अमृता दुहन को ज्ञापन सौंपा। रविन्द्र त्यागी ने सिटी एसपी को ज्ञापन देते हुए कहा कि आये दिन चाकूबाजी की घटनाओं से आमजन में भय और असुरक्षा का महौल है। एक रात में कई जगह चाकूबाजी तक हुई। भीमगंजमण्डी, नयापुरा और उद्योग नगर जैसे थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटनाओं को लोग अंजाम दे रहे है, लूट करने वाले बदमाश भी चाकू दिखाकर वारदात को अंजाम दे रहे है। विगत मई माह में 10 वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया है। ज्यादातर अपराध चाकूबाजी से हुए है। त्यागी ने बताया की अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो, पुलिस को और अधिक सख्ती और सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि समाजकंटकों पर समय रहते लगाम लगाई जा सके जिससे कोटा में बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लग सकें। शहर कांग्रेस कमेटी की और से ज्ञापन देने पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, उपाध्यक्ष मजीद भाई, रामेश्वर सुवालका, महासचिव इसरार मोहम्मद, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, राजेन्द्र भारद्वाज, हिमाशुं शर्मा, एड.पदम गौतम, राजकुमार बोयत आदि मौजूद रहे।

भगवान शांतिनाथ नगर भ्रमण पर निकले

कोटा, (निसं)। लाड़पुरा स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से जब श्रीजी भगवान का रथ नगर भ्रमण पर निकला तो चारों ओर उत्साह, उमंग और उल्लास छा गया। बैंडबाजों के साथ आदिनाथ बैठे हैं मेरे सीने में. तू ले बाबा का नाम अमृत बरसेगा भजन करों मस्त जवानी में., बुढ़ापा किसने देखा है चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है सरीखे भजन गूंजे तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर नाचते-गाने लगे। पूरा माहौल धर्म और भक्ति के रस में सराबोर नजर आया। यहां सकल दिगम्बर जैन समाज लाड़पुरा, शांति सुधा ग्रुप एवं शांति सुधा महिला मंडल के तत्वाधान चल रहे शांतिनाथ भगवान के जन्म-तप-मोक्ष के तीन दिवसीय आयोजन के तहत सोमवार को भगवान की नगर परिक्रमा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह पर भगवान के दर्शन-पूजन की होड़ सी लगी रही। शोभायात्रा में मुनि वैराग्य सागर महाराज व सुप्रभ सागर महाराज का सानिध्य भी रहा। जगह-जगह पर श्रद्धालु उनका पाद प्रक्षालन करने के लिए उत्साहित दिखे। आगे-आगे हाथों में धर्म पताकाएं लिए चल रहे घुड़सवार रथयात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। मंदिर पहुंचने के पश्चात श्रीजी का अभिषेक व पूजा अर्चना कर मुनि वैराग्य सागर द्वारा मंत्रोच्चार के साथ श्रीजी को पुनः वेदी पर प्रतिष्ठित कराया गया। तत्पश्चात श्रद्धालु परिवारों द्वारा भगवान का अभिषेक व शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया। शोभायात्रा में शहर के गणमान्य एवं प्रतिष्ठित परिवार शामिल हुए। शोभायात्रा सुबह 6.30 बजे से लाड़पुरा स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर शोभायात्रा आर्य समाज रोड़, गांधी चौक, लिंक रोड़ होती हुई वापस लाड़पुरा जैन मंदिर पहुंची। हाथों से खींचा भगवान का रथ-शोभायात्रा के दौरान भगवान का रथ सभी के आकर्षण का केन्द्र बना। भगवान के रथ पर सवार श्रीजी के रथ को श्रद्धालु पुरूष हाथों से खींच रहे थे।

विजय वीर क्लब कुन्हाड़ी ने चैंपियनशिप जीती

कोटा, (निसं)। श्रीनाथपुरम स्टेडियम में आयोजित कोटा टेनिस प्रीमियम लीग प्रतियोगिता का खिताब विजय वीर क्लब के खिलाड़ियों ने जीत लिया। सोमवार को खेले गए फाईनल मुकाबले में विजय वीर क्लब ने रावत भाटा क्लब को 2-0 से हराया पहले खेले गए डबल मैच में वीवीसी के भूपेंद्र चॉदना व राघवेन्द्र की जोड़ी ने रावतभाटा के वेदप्रकाश व महावीर की जोड़ी को 6-3 के स्कोर से हराया सिंगल मैच मे विजय वीर क्लब के जितेन्द्र यादव ने रावतभाटा के कुलदीप को 6-1के स्कोर से हराया इससे पूर्व खेले गए सेमीफाईनल के रोमांचक मुक़ाबले मे विजय वीर क्लब ने मुकंदरा टाईगर्स को 2-0 से हराया विजय वीर क्लब के जितेंद्र यादव ने पहले सिंगल मैच में मुकदंरा टाइगर्स के अक्षय चौधरी को 6-5 के स्कोर से और डबल मैच में वीवीसी की जोड़ी भूपेंद्र चांदना व दिलीप कलवार ने अरविंद स्वामी व राजेश को 6-5 से हराया प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया जिसमें बारां, रावतभाटा व कुन्हाड़ी प्रमुख रही फाईनल मैच के बाद पारितोषिक वितरण किया गया विजेता टीम को ट्राफी व 4000 रूपए नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विजय वीर क्लब के अध्यक्ष सचिव व संरक्षक राकेश चांदना ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 27 मई को प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता ने बताया कि झालावाड़ शहर खण्डिया पावर हाउस से निकलने वाले 11 केवी फिडर बस स्टेण्ड फीडर, गढ़ फीडर एवं पटपडिया फीडर से जड़े समस्त क्षेत्र राधारमण मांगलिक भवन, हरिनगर कॉलोनी, सीमेन्ट रोड बडा बाजार, गढ़ के आस-पास का क्षेत्र, तबेला रोड, काले बाबू की हवेली, मिर्ची गली, कूंजड़ा गली, सर्राफा बाजार, धोकडे के बालाजी, धानमण्डी, जीतमल जी का चौक, गुर्जरो के मन्दिर के आस-पास, मंगलपुरा, जुआरी मोहल्ला, आजाद मार्ग, रामद्वारा गली, सुभाष नगर, धनवाडा अस्पताल, प्रेमनगर बड वाले बालाजी के आस-पास का क्षेत्र, मास्टर कॉलोनी, मोटर गैराज, ड्रिम सिटी, शुभम होम्स, धनलक्ष्मी विहार, राजलक्ष्मी नगर, धनवाडा में स्थित सरकारी समस्त छात्रावास, पीएचईडी कॉलोनी, खण्डिया कॉलोनी, झालीवाल चौराहा, खानपुर रोड, तिलक नगर, समर्पण के पीछे, आरटीओ के आस-पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

कार्यशाला 28 मई को

झालावाड़, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 28 मई को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के संबंध में मिनी सचिवालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि उक्त कार्यशाला में विभिन्न विभागों के माध्यम से योग व ध्यान सत्र, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल सत्र, पोषण व स्वस्थ रूप में वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया पर सत्र, सामाजिक जुडाव और समय प्रबंधन के लिए रणनीतियां, वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता पर सत्र, अंतर पीढ़ीगत संवाद आदि आयोजित होंगे।

'एक जून से पहले नई पाइप लाइन से कनेक्शन करवाएं'

कोटा, (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खंड प्रथम प्रताप नगर दादाबाड़ी द्वारा स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत राजीव गांधी नगर में दो हजार किलोलीटर क्षमता के 18 मीटर स्टेजिंग उच्च जलाशय का निर्माण किया गया है। साथ ही, नई पाईप लाइन भी चालू कर दी गई है। अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रकाशवीर नाथानी ने बताया सभी पुरानी पाईप लाईनें 1 जून से बंद कर दी जाएंगी। उन्होंने क्षेत्र के पेयजल उपभोक्ताओं से नई पाइप लाईन से 1 जून से पहले कनेक्शन करवाने की अपील की है।

ग्राम खोखन्दा में रात्रि चौपाल आज

झालावाड़, (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान हेतु जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में 27 मई को रात्रि 8 बजे पंचायत समिति झालरापाटन की ग्राम पंचायत सलोतिया के ग्राम खोखन्दा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा ने दी।

'एक ही छत के नीचे मिलेगी सभी विषयों की बेस्ट फैकल्टी'

कोटा, (निसं)। कोटा में शिक्षा को लेकर बेहतरीन माहौल है और इस माहौल को कोटा की कोचिंग और भी बेहतर बनाती है, यहां की फैकल्टी बच्चों की हर एक इशू को क्लियर करती है, ऐसे में अब एक और सफलता के क्रम में आगे बढ़ते हुए कॅरियर विल नीट ऑफलाईन सेंटर का शुभारंभ किया गया है जो नीट की बेस्ट कोचिंग देंगे।

- 15-26 साल तक के अनुभवी फैकल्टीज बच्चों का बनाएंगे करियर
- कॅरियर विल नीट ऑफ लाइन सेंटर का शुभारंभ

कोटा में एक ओर कोचिंग की शुरूआत हुई है।

डॉ. दिलीप अरोडा, मयंक जोशी ने बताया कि कॅरियर विल भारत का बड़ा ब्रांड है और लाखों बच्चे ऑनलाईन क्लास लेते हैं। अब कोटा में इसका ऑफलाईन सेंटर शुरू किया गया है। कोटा ही नहीं देश के बेस्ट फेकल्टी के साथ यह सेंटर कोटा में शुरू किया गया है। एक ही छत के नीचे सभी विषयों के एक्सपर्ट को इकट्ठा कर बच्चों के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया है। एक ही जगह पर सभी विषयों के 15 से लेकर 26 साल तक के अनुभवी फैकल्टी बच्चों को नीट की तैयारी करेंगे।

उन्होंने बताया कि कोटा की बेस्ट फैकल्टी बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित थी, ऐसे में सभी के प्रयास से बेस्ट फैकेल्टी एक ही जगह पर मिलेगी। नीट की तैयारी के लिए बच्चों को बेस्ट माहौल भी मिलेगा, उन्होंने कहा कि हर बच्चे की केयर की जाएगी, हर बच्चे का अपना इशू होता है उसे यहां पर क्लियर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कई कोचिंग में एक सब्जेक्ट अच्छे पढ़ने वाला टीचर है तो दूसरा नहीं है, इसके साथ ही क्रीम बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाता है जबकि एवरेज बच्चे पीछे रह जाते हैं और उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब यहां ऐसा नहीं होगा, हर बच्चे की अपनी केयर होगी, उन्होंने कहा कि बच्चों के हित के लिए कोटा के हित के लिए यह कोचिंग काम करेगी। शुरूआत में 2000 बच्चों को ही पढ़ाया जाएगा, फिलहाल ऑफलाईन कोचिंग दी जा रही है और उसके बाद आने वाले समय में ऑनलाईन कोचिंग भी दी जाएगी।

सभी फैकल्टीज ने कहा कि बहुत ही मिनिमम फीस में इन बच्चों का एडमिशन लिया जाएगा और उन्हें नीट के लिए तैयार किया जाएगा। एक ही छत के नीचे सभी बेस्ट फैकेल्टी मिलने से बच्चों में भी काफी उत्साह और हर्ष है, लोगों ने एडमिशन लेना शुरू कर दिया है। आने वाले समय में 2000 बच्चे जैसे ही पूरे होंगे एडमिशन बंद कर दिए जाएंगे, सभी फैकल्टी का कहना है कि उन्हें लंबा अनुभव है, कई बच्चे आज बड़े संस्थान में पहुंच चुके हैं और कोटा का नाम रोशन कर रहे हैं, एक टीचर की भी यही इच्छा होती है कि उनके द्वारा पढ़ाया गया स्टूडेंट कहीं बड़ी संस्थान में नाम रोशन कर रहा है, आने वाले समय में स्ट्रैंथ को बढ़ाया जाएगा साथ ही बच्चों के हर यीशु को यहां पर शार्ट आउट किया जाएगा।

देर रात इमरजेंसी में गुप्ता ने 70वीं बार एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। मदद करने से ना केवल जीवन में सफलता मिलती है, बल्कि हम स्वस्थ्य भी रहते हैं, प्रसन्नचित रहते हैं और आने वाली मुसीबतें यूं ही निकल जाती है, टीम जीवनदता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने यह बात एसडीपी डोनेशन के दौरान कही।

उन्होंने एक अनजान मरीज के लिए निजी अस्पताल पहुंचकर बी पॉजिटिव एसडीपी 70वीं बार की है। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था से ही रक्तदान करते चले आ रहे हैं, जहां भी आवश्यकता होती है, वहां टीम जीवनदाता दृढ़ संकल्प के साथ खड़ी रहती है। गुप्ता ने कहा कि मरीज का रात को ही ऑपरेशन किए जाने की संभावना बन ही रही थी, ऐसे में एसडीपी की शीघ्र आवश्यकता थी, भुवनेश गुप्ता का मानना है कि यदि वह कॉल करते तो काफी समय व्यतीत होता, उन्होंने स्वयं एसडीपी डोनेशन का निर्णय लिया और निजी अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंच बए और एसडीपी डोनेट की।

देर रात को उपजे मदद के इस भाव से परिजन की आंखों में आंसू थे, उनके लिए देर रात के मदद स्वप्न की भाँति था। गुप्ता पूर्व में 108 बार ब्लड डोनेशन भी कर चुके हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उपराष्ट्रपति सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी का जीवन तभी सार्थक होगा जब किसी जरूरतमंद की मदद होगी, उनकी समस्या का समाधान करने में हम सहभागी बनेंगे और दृढ़ संकल्प के साथ ही समय सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

भुवनेश गुप्ता की प्रेरणा से हजारों लोगों की एसडीपी व रक्तदानः- भुवनेश गुप्ता ने बताया कि वह 32 वर्ष से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, जब लोग ब्लड देने से डरा करते थे, उस समय भी उनके मन से डर को निकाला और मोटिवेट किया, जिसके बाद लोग आगे आने लगे और सेवा के भाव से जुड़ते चले गए। अब तक हजारों लोग इनने मोटिवेट होकर सेवा कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा बनाई संस्था टीम जीवनदाता के माध्यम से रक्तदान व एसडीपी के लिए वह हर समय तैयार रहते हैं।

शिविर आयोजित

बूंदी (निसं)। कलेक्टर ने सोमवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित हुआ। रोजगार कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां आयोजित शिविर में 500 आशार्थियों ने भाग लिया।

खोया पाया

रश्मि देवी पुत्री मूल सिंह जी 2-ट-9 विज्ञान नगर कोटा का मेरे पक्ष में हुए हस्तांतरण का कार्यालय आदेश व सभी मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गए है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

सूरज छतरी पर श्रमदान किया

बूंदी (निसं)। माय भारत केन्द्र, बूंदी के तत्वावधान में रामेष्ट युवा मंडल संस्थान, बालचंद पाड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से शहर के जागरूक युवाओं की टोली ने सोमवार को शहर की पश्चिमी पहाड़ी पर स्थित सूरज छतरी पर श्रमदान कर साफ-सफाई की, साथ ही पौराणिक संपदा के संरक्षण पर परिचर्चा की। युवा मंडल अध्यक्ष शिखर पंचोली की अगुवाई में बालचंद पाड़ा क्षेत्र के युवाओं ने सूरज छतरी पर फैले कचरे को एकत्रित कर साफ-सफाई की। सूरज छतरी पर लगे परिंडो में पानी भरकर सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित भी किया। युवा-परिचर्चा की अध्यक्षता मंडल सचिव रोहन गुर्जर ने की। विशिष्ट वक्ता युवा प्रेरक सोनू कुमार सैनी रहें। मुख्य वक्ता मंडल सचिव गुर्जर ने छतरी के क्षतिग्रस्त होने पर चिंता व्यक्त की।

गुरु द्रोणाचार्य उस्ताद चौथमल पहलवान बरथुनिया की जयंती पर परिंडे बांटे

कोटा, (निसं)। 32 अखाड़ों के उस्ताद गुरु द्रोणाचार्य उस्ताद चौथमल पहलवान बरथुनिया कि जयंती उनके प्रतिमा स्थल जयपुर गोल्डन हिंदू धर्मशाला के सामने मनाई गई जिसमें सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा का दूध दही शहद से अभिषेक किया गया उसके बाद माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के संयोजक व्यवस्था बालकिशन बरथुनिया रहे। कार्यक्रम में पक्षियों के लिए 111 मिट्टी के परिंडों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल और विशिष्ट अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्र कुमार दत्ता, भाजपा नेता गोविंद शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रहलाद गुंजल ने कहा कि उस्ताद चौथमल ने अपने जीवन काल में शारीरिक स्वास्थ्य और बलिष्ठ जीवन जीने की कला जो अखाड़ों के माध्यम से सिखाई वह आज भी तर्कसंगत है और यहीं बातें उनको अमरता प्रदान करती है और महापुरुषों की यही बात होती है कि उनके जाने के बाद भी उनके विचार आदि अनंत काल तक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा का स्रोत बनी रहती है।

इनके साथ ही नाथूराम पहलवान अरुण भार्गव जगदीश सुमन पीयूष जेन बज, राजेंद्र बाकलीवाल, राजेंद्र माचलीवाल, सियाराम शर्मा, पहलवानों ने भी चौथमल उस्ताद को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन विपिन बरथुनिया और अमित सूद ने किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, अनिल जैन, अरुण भार्गव, जोधराज वर्मा, महावीर सुमन, मेवा लाल बलांडिया, हेमंत सुमन, प्रशांत सक्सैना नीरज शर्मा दिलीप माधवानी, हेमराज मीणा, छोटूलाल मीणा, अनिल दीपचंदानी, चंद्रप्रकाश बरथुनिया अंकुर जैन सेठिया, प्रीतम बरथुनिया हेमंत शर्मा शाहिद मुल्तानी, सोहेल तनवीर महेश रेगर, हैदर खान, अब्दुल गनी, बुलबुल पंवार, शकीला बानो, महेश अनिजवाल, नफीस कुरेशी के.सी जेलिया, नरेश शर्मा, बृजमोहन महावर, नदीम खान, राजेंद्र कुमार राजा, गुरु प्रकाश सुमन, सूरज चिक्की, आदि कोटा शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

फल और सब्जियों में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत नमूने लिए गए

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ जिले में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान एच. गुईटे द्वारा 20 मई 2025 को प्रदेश के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में 24 से 30 मई 2025 तक फल एवं सब्जियों में मिलावट की जांच हेतु विशेष अभियान चलाकर, जांच करने के निर्देश दिए गए। जिसमें प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को पांच नमूने सर्वेक्षण में लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाने के निर्देश दिए गए। जिसके तहत आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी जी.एस. गुर्जर ने विभिन्न फल विक्रेताओं का गोदाम एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 10 नमूने फलों के जांच हेतु लिए गए। जिसमें तीन नमूने आम के, दो नमूने खरबूजे, एक अनार, एक केला, एक अंगूर, एक तरबूज, एक सेव, का नमूना है जिन्हें जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि हाल ही में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों में यह पाया गया है कि गर्मी की लहर के दौरान कुछ फलों की खेपो में कृत्रिम पकाने या संरक्षण के लिए अनसेफ एवं नॉट परमिटेड रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। अतः आम जनता को फलों के सेवन करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिसमें आम जिन्हें कैल्शियम कार्बाइड से कृत्रिम रूप से पकाया गया हो, केले जिनमे रसायनों द्वारा कृत्रिम पकाने की आशंका हो, तरबूज एवं खरबूजे जिनमे सिंथेटिक डाई या रासायनिक संरक्षक पाए गए हो, अंगूर एवं सेब जिन पर अत्यधिक वैक्स कोटिंग या कीटनाशक अवशेष मौजूद हो सकते हैं। इन प्रकार के मिलावटें खाद्य सुरक्षा एवं मानव अधिनियम 2006 का उल्लंघन है।

अतः उपभोक्ताओं से आग्रह किया जाता है कि वह केवल लाइसेंस धारी या विश्वसनीय विक्रेताओं से ही फल खरीदें सभी फलों को उपयोग से पूर्व अच्छी तरह धोले अत्यधिक चमकदार छिलके या अत्यधिक एक समान पके हुए फलों से बचें संदेहास्पद मामलों की सूचना व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर तुरंत दें साथ ही सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की जाती है कि अपना वैध खाद अनुज्ञा पत्र अथवा रजिस्ट्रेशन पत्र अपने वार्षिक टर्म अवर के अनुसार लेकर खाद्य कारोबार करें बिना खाद्य अनुज्ञा पत्र के खाद्य कारोबार करने पर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना एवं बिना रजिस्ट्रेशन पत्र के खाद्य कारोबार करने पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

मुख्य अभियंता को ज्ञापन दिया

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ कोटा एवं राजस्थान इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष रामजीलाल मीणा, रीमा सचिव अरविंद सैन के नेतृत्व में कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक तथा वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी की सत्र 2024-25 की बकाया डीपीसी शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग को लेकर सोमवार को मुख्य अभियंता डी.आर.मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रामजीलाल मीना ने बताया विगत वर्ष की 2024-25 की डीपीसी लगभग सभी विभागों में संपन्न हो गई है, लेकिन जल संसाधन विभाग में विगत वर्ष की डीपीसी संपन्न नहीं होने के कारण मंत्रालयिक कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। मुख्य अभियंता डी.आर. मीणा ने आश्वस्त किया कि 28 मई को वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी की डिपिसी संपन्न होगी।

नालों की सफाई के साथ ही उठाएं मलबा, आयुक्त ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मानसून आगमन से पूर्व नगर निगम कोटा उत्तर सभी नालों की सफाई के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। शहर में विभिन्न स्थानों पर बड़े नालों को चैन माउंटेड मशीन और जेसीबी तथा छोटे नालों की श्रमिक लगाकर सफाई करवाई जा रही है।

आयुक्त अशोक त्यागी ने सोमवार को विभिन्न स्थानों पर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त त्यागी ने बताया कि सोमवार को डीसीएम रोड, प्रेम नगर तथा माला फाटक चौराहे पर नाला सफाई कार्य को देखा गया। स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी को निर्देश दिए गए हैं कि नाला सफाई के बाद मलबे को मौके पर नहीं पड़े रहने दें।

इसे तत्काल शिफ्ट कर मार्ग को सुव्यवस्थित किया जाए। नाला सफाई कार्य से आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रेम नगर क्षेत्र में बड़े नाले के साथ एक अन्य छोटे नाले को भी जेसीबी से ही साफ करवाने को कहा गया है।

उन्होंने बताया कि शहर में 87 बड़े नाले हैं, जिनमें से 32 की सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में छह नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है जो आने वाले एक-दो दिन में पूरा हो जाएगा। प्रयास किया जा रहा है कि 10 जून तक सभी नाले साफ कर दिए जाएं। इसके साथ ही आवासीय क्षेत्र में घरों के बाहर बने छोटे नाले-नालियों को भी श्रमिक लगाकर साफ करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग करें।

कोटा नगर निगम उत्तर आयुक्त ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया है।

नाले में कचरा फैंकने पर टोकाः- निरीक्षण के दौरान ही प्रेम नगर क्षेत्र में कुछ लोग अधिकारियों के सामने ही नाले में कचरा फेंकते दिखे। आयुक्त त्यागी और स्वास्थ्य अधिकारी चौधरी ने उन्हें टोका और कचरे को टीपर में ही डालने के निर्देश दिए। चौधरी ने कहा कि अगली बार नाले में कचरा फेंकते हुए पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/100976 **लोक सूचना** दि.26.05.2025

श्री RAJESH KUMAR MEENA पुत्र श्री SHIV NATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE MEENA SA.DEH KHATEDAR	642/241	6273	0.6273
2.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE MEENA VILLAGE SANWAR, POST TALEDA, DIST-BUNDI RAJASTHAN	651/624	445	0.0445
3.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE MEENA SA.DEH KHATEDAR	586/481	4694	0.4694
4.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE MEENA SA.DEH KHATEDAR	625/481	971	0.0971
5.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE MEENA SA.DEH KHATEDAR	581/486	5908	0.5908
				कुल	1.8291

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26/5/2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 524 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 26.5.25

आवास संख्या 2-सी-37 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री संजय माथुर पुत्र श्री परमात्मा प्रसाद माथुर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री संजय माथुर पुत्र श्री परमात्मा प्रसाद माथुर द्वारा दिनांक 23.02.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री संजय माथुर पुत्र श्री परमात्मा प्रसाद माथुर की मृत्यु दिनांक 05.01.2015 को एवं इनकी माता श्रीमती प्रेमलता माथुर की मृत्यु दिनांक 08.10.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री परमात्मा प्रसाद माथुर स्व. श्री अम्बा प्रसाद माथुर, श्री अजय माथुर पुत्र श्री परमात्मा प्रसाद माथुर, श्रीमती अंजना माथुर पुत्री श्री परमात्मा प्रसाद माथुर पत्नी श्री जयंती प्रसाद माथुर एवं श्री विजय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 07.04.2025 को श्री विभय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर के पक्ष में किया गया। श्री विभय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-सी-37 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री विभय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री विभय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री विभय माथुर पुत्र श्री पी.पी. माथुर के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/62 दिनांकः-26.5.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास संख्या 749 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 473 दिनांक 30.04.1997 को श्री हरि प्रसाद परिहार पुत्र श्री शिव बख्श के नाम आवंटन किया गया था। श्री हरि प्रसाद परिहार पुत्र श्री शिव बख्श द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री मूल चन्द पुत्र श्री सुगना मल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.08.2013 को सुश्